पत्रांकः— 14/ए0एफ0—25/2021..

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......./......./2021

विषयः— श्री उमेंश मिश्रा रंजीत कुमार प्रकाश कॉलेज, हाजीपुर, वैशाली को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2021—24 एवं 2022—25 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक—B/913 दिनांक 08.06.2021 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा—21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या—1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक -3196 दिनांक—14.12.2017 एवं पत्रांक—3074 दिनांक—25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने श्री उमेंश मिश्रा रंजीत कुमार प्रकाश कॉलेज, हाजीपुर, वैशाली को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों के निम्न विषयों में सत्र 2021—24 एवं 2022—25 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे इस शर्त्त के साथ प्रदान की है कि संबंधित ट्रस्ट की भूमि का उपयोग केवल प्रश्नगत महाविद्यालय के संचालन कार्य हेतु किया जाएगा।

क्र० सं०	संकाय	विषय
01	कला संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	हिन्दी, संस्कृत, भोजपुरी, अंग्रेजी, ऊर्दू, परसियन, मैथिली, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान एवं गृह विज्ञान (कुल 11 विषय)।
02	विज्ञान संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पतिशास्त्र, एवं गणित (कुल 05 विषयो में)।
03	वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा)	एकाउन्टस, बिजनेस इनवॉरमेन्ट, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एवं बिजनेस फाइनांस (कुल 04 विषय)

निदेश दिया जाता है कि भविष्य में अगर महाविद्यालय परिनियमानुसार संबंधन के सभी मानकों/शर्त्तो को पूरा करता है तो परिनियम में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत स्थायी संबंधन से संबंधित अनुशंसा उपलब्ध करायी जाय।

आगामी अनुशंसा के पूर्व इस संबंध में मापदंड पूर्ण करने का निदेश संस्था को दें। साथ हीं, परिनियम में अंकित शर्त्तों/मानकों के पूरा नहीं किये जाने एवं अस्थायी संबंधन के अनुशंसा की स्थिति में इसके औचित्य पर प्रकाश डालें।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजनह

ह0/—

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

AFfilation letter 2021

ज्ञापांक– 14 / ए0एफ0–25 / 2021...– 842 पटना, दिनांक 29/07/2021

प्रतिलिपिः– माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव / सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव / उप सचिव, शिक्षा विभाग / निदेशक, उच्च शिक्षा / सचिव, श्री उमेंश मिश्रा रंजीत कुमार प्रकाश कॉलेज, हाजीपुर, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(2) आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को निदेशित किया जाता है कि विभागीय वेबसाईट पर इसे अपलोड किया जाय।

29/7/21

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

AFfilation letter 2021